**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित**

**<u>प्रश्न संख्या-6 का उत्तर</u>**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 6 (क) क्या युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद- हरदोई, विकास खण्ड- माधौगंज की ग्राम सभा-समुखा में ग्रामीण मिनी स्टेडियम/खेल अवस्थापना हेतु महानिदेशक, युवा कल्याण विभाग द्वारा भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, खेल विभाग मिशन निदेशालय खेल विकास, नई दिल्ली के पत्र संख्या-जे-17011/268/2021-एमडीएसडी, दिनांक 14 दिसम्बर, 2022 द्वारा खेलो इण्डिया योजना की नई गाइड लाइन्स (2021-2022 से 2025-2026) के अनुसार महानिदेशालय के पत्र संख्या-3341 /चार-74/यु0क0/ 2022, दिनांक 13 जनवरी, 2023 द्वारा जिलाधिकारी हरदोई को प्रेषित करते हुए खेल अवस्थापना के सृजन के सम्बन्ध में नई गाइड लाइन्स के अनुसार जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की संस्तुति से खेल अवस्थापना का प्रस्ताव नये सिरे सें 03 प्रतियों में उपलब्ध कराया जाने हेतु भेजा गया था ? | जी हॉ । |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या ग्राम पंचायत-समुखा, में उक्त भूमि पर ग्रामीण मिनी स्टेडियम/ खेल अवस्थापना सुविधाओं का निर्माण कराये जाने हेतु जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की संस्तुति से खेल अवस्थापना का प्रस्ताव नये सिरे सें 03 प्रतियों में उपलब्ध कराया गया? | जी नहीं। |
| (ग) यदि हॉ, तो क्या प्राप्त प्रस्ताव पर आगामी वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि का प्राविधान कराया जायेगा ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) क्या श्रीमती रमा निरंजन, सदस्य विधान परिषद् एवं प्रश्न कर्ता मा0 सदस्य द्वारा दिनांक 10 अगस्त, 2023 को स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु खेल कूद एवं युवा कल्याण विभाग को भेजकर जनपद- स्तर से प्रस्ताव प्राप्त कर आगामी वित्तीय वर्ष में शामिल किये जाने की मॉग की गयी थी? | जी नहीं। |
| (ड) यदि हॉ, तो उक्त पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**गिरीश चन्द्र यादव**
**राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)**
**युवा कल्याण विभाग**